जनहित व जन सरोकारों के कार्य प्राथमिकता से करें पूर्ण-कृषि मंत्री रामविचार नेताम

❒ जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने ली अधिकारियों की समीक्षा बैठक

❒ वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी भी बैठक में हुए शामिल

रायगढ़

प्रदेश के कृषि मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी, लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया, राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह भी बैठक में सम्मिलित हुए।

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि सभी अधिकारी जनहित व जन सरोकारों के कामों को प्राथमिकता से पूर्ण करें। जितने भी कार्य शासन स्तर से स्वीकृत हो चुके है उन्हें धरातल पर प्रारंभ करवाते हुए उसके नियमित मॉनिटरिंग करें। जन सुविधाओं के विस्तार को लेकर शासन के निर्णय व नीतियों को लोगों तक पहुंचाने का दायित्व आप सभी का है। इसका जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। कृषि मंत्री नेताम ने वित्त मंत्री चौधरी के साथ बैठक में सभी विभागों के कामकाज की विस्तार से समीक्षा की। आवास की समीक्षा के दौरान बताया गया कि इस वर्ष स्वीकृत आवासों में अब तक पूरे प्रदेश में निर्मित आवासों में एक तिहायी आवास सिर्फ रायगढ़ जिले में बनाए गए है। कृषि मंत्री नेताम ने इसके लिए पूरी टीम की सराहना की और कहा कि गरीब परिवारों का आवास निर्माण हमारी पहली प्राथमिकता है। यह हर्ष की बात है कि जिले में इसे तेजी से पूरा किया जा रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवारों के आवास निर्माण के बारे में जानकारी ली। बताया गया कि जिले में निवासरत शत-प्रतिशत बिरहोर परिवारों के आवास स्वीकृत किए गए है। जिसमें से कई आवास पूर्ण हो चुके है तथा शेष प्रगतिरत है। उन्होंने बिरहोर कन्या छात्राओं के लिए सर्वसुविधा युक्त छात्रावास निर्माण के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्रों में अनिवार्य रूप से शौचालयों का निर्माण हो तथा नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था हो। उन्होंने लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं के चयन के संबंध में भी जानकारी ली।

पुलिस विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को गांजा तस्करी और धान के अवैध आवक पर लगातार कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार के खिलाफ भी लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कहा कि रायगढ़ औद्योगिक क्षेत्र है। यहां बड़े पैमाने पर बाहर से लोग काम करने आते हैं। उनका अनिवार्य रूप से वेरिफिकेशन किया जाए। कलेक्टर गोयल ने बताया कि पुलिस और श्रम विभाग के द्वारा नियमित रूप से जांच अभियान चलाया जाता है। साइबर अपराधों से आम जन को जागरूक करने के लिए साइबर सुबह अभियान चलाया जा रहा है। इसमें साइबर फ्रॉड के लिए अपराधियों द्वारा अपनाए जा रहे नए नए तरीकों के बारे में लोगों को सचेत करने के लिए प्रतिदिन ऑनलाइन पोस्टर और कंटेंट शेयर किया जा रहा है।

कृषि मंत्री नेताम ने उन्होंने वन विभाग की योजनाओं की समीक्षा की और वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए लोगों को जागरूक करने और जंगल में आग की घटनाओं लेकर वन अमले को सतर्क रहकर काम करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही हाथियों से फसल व जनहानि के मुआवजे की राशि में वृद्धि के लिए प्रस्ताव तैयार कर सरकार को भेजने के निर्देश दिए।

उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों को मिलेट अनाजों और फूलों की खेती के लिए भी प्रोत्साहित करें। उनके उपज की बिक्री के लिए मार्केट मुहैय्या कराने की दिशा में भी सहयोग करें। कृषि मंत्री नेताम ने जिले में संचालित एकलव्य विद्यालयों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने इन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास लगाने के निर्देश दिए।

वित्त मंत्री चौधरी ने कहा कि स्वीकृत सारे कार्य अप्रारंभ स्थिति में न रहें। सभी स्वीकृति प्राप्त निर्माण कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराएं। उन्होंने निर्माण कार्यों में रिडेवलपमेंट मॉडल के तहत कार्य करने के निर्देश दिए हैं। जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन और मल्टी विलेज स्कीम की समीक्षा भी बैठक में की गई। वित्त मंत्री चौधरी ने टंकियों के निर्माण को पूरा करवाते हुए निर्धारित लक्ष्य के अनुसार काम जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास निर्माण की गति को बरकरार रखते हुए स्वीकृत सभी निर्माण कार्य बारिश के पूर्व करवाने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने बताया कि आगामी बारिश से पहले आवासों को पूर्ण करने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रहे है। वित्त मंत्री चौधरी ने स्कूली बच्चों को प्रयास विद्यालय की तैयारी करवाने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने बताया कि 600 स्कूलों में बच्चों को तैयारी करवायी जा रही है। साथ ही बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों के यूनिक आईडी के लिए संचालित अपार आईडी निर्माण में रायगढ़ जिला प्रदेश में टॉप 3 में है।

इस अवसर पर कलेक्टर कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मण्डावी, डीएफओ धरमजयगढ़ अभिषेक जोगावत, एडिशनल एसपी आकाश मरकाम सहित अन्य विभागीय जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

लंबे समय से एक जगह पर जमे पटवारियों का करें स्थानांतरण- कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि राजस्व विभाग में कसावट के लिए लंबे समय से एक स्थान पर जमें पटवारियों का स्थानांतरण करें। पटवारियों का नियमित अंतराल में हलका प्रभार परिवर्तित किया जाए। राजस्व प्रकरण के लिए नक्शा बटांकन के कार्यों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने बताया कि पिछले एक साल में करीब 1.60 लाख नक्शों का दुरुस्तीकरण किया गया है। इस अवधि में रायगढ़ प्रदेश में पहले पायदान पर रहा है। कृषि मंत्री नेताम ने कहा कि इससे लोगों के राजस्व संबंधी कार्यों में सहूलियत होगी।

महत्वपूर्ण एवं खास

भाभी को बनाया पत्नी फिर कर दी हत्या

सरगुजा (आरएनएस)। जिले के लखनपुर थाना क्षेत्र की कुन्नी तेंदूघाट में एक व्यक्ति ने पहले तो अपनी भाभी को ही अपनी पत्नी बनाया फिर एक दिन शराब के लिए हुए विवाद के बाद उसकी हत्या कर दी और फरार हो गया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कुन्नी तेंदूघाट निवासी मृतिका मान कुंवर अपने पति देव चंद दास से अलग होकर रह रही थी। लगभग 6 महीना पहले मृतका मान कुंवर को उसका देवर विष्णु दास अपने साथ रखने ले गया। दोनों अपने जीवन जी रहे थी इसी बीच रविवार रात घर से 200 मीटर दूर विष्णुदास और मान कुंवर के बीच फि र से शराब को लेकर लड़ाई शुरू हो गई। जिसके बाद मान कुंवर को विष्णुदास मारते हुए घर में लेकर आया और उसके बाद घर पर हुए विवाद के बाद विष्णूदास ने पत्थर से मानकुंवर के सिर और चेहरे पर प्राण घातक हमला कर दिया जिससे अधिक खून बहने से मौके पर मान कुंवर की मौत हो गई। इधर इसका हत्या के बाद विष्णूदास फरार हो गया। दूसरे दिन सोमवार को सुबह लगभग 7:30 बजे मृतिका का देवर सियादास घर पहुंचा तो देखा कि उसकी भाभी खून से लटपथ मृत हालत में पड़ी हुई है और इसकी सूचना पुलिस को दी गई. मौके पर पहुंची कुन्नी पुलिस ने पंचनामा कर मृतका के शव का पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया और आरोपी विष्णु दास के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर उसकी तलाश में पुलिस जुट गई है।

जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा समुचित यातायात व्यवस्था एवं सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए चलाया जा रहा है चेकिंग अभियान

बलौदा बाजार (आरएनएस)। दिनांक 13.01.2025 को प्रात: 06:00 बजे से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में समुचित यातायात व्यवस्था एवं सडक़ दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चेकिंग अभियान के तहत शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों की धरपकड़ के लिए ब्रेथ एनालाइजर मशीन के माध्यम से चेकिंग की जा रही है। अभियान के तहत संपूर्ण जिले में 14 महत्वपूर्ण पॉइंट/सडक मार्ग में पुलिस बल द्वारा चेकिंग कार्रवाई की जा रही है। चेकिंग कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य छेरछेरा पर्व पर सुगम एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखना है।

पांच हार्डकोर माओवादियों के शव बंदेपारा-कोरंजेड मुठभेड़ में हुए बरामद

बीजापुर | आरएनएस

पश्चिम बस्तर डिवीजन नेशनल पार्क एरिया कमेटी के प्लाटून नम्बर 02 का कमाण्डर,डीवीसीएम रैनु हेमला, पीपीसीएम ज्योति ताती सहित कुल 05 हार्डकोर माओवादियों के शव बंदेपारा-कोरंजेड मुठभेड़ में बरामद हुये है। मुठभेड़ में मारे गयें माओवादियों की शिनाख्तगी पश्चिम बस्तर डिवीजन नेशनल पार्क एरिया कमेटी डीवीसीएम प्लाटून नम्बर 02 कमाण्डर रैनु हेमला, मद्देड एरिया कमेटी प्लाटून नंबर 11 पीपीसीएम, ज्योति ताती, मिलिशया प्लाटून कमांडर रमेश एचाम, मिलिशिया प्लाटून सदस्य रमेश मिच्चा के रूप में हुई।

मारे गयें माओवादियों में कुल 15.00 लाख के ईनामी हार्डकोर माओवादी शामिल। मुठभेड़ स्थल से 01 नग एलएलआर, 01 नग 12बोर, 02 नग सिंगल शॉट, 01 नग बीजीएल लांचर, 01 नग कंट्री मेड गन भरमार सहित भारी मात्रा कारतुस में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य, दवाईया, माओवादी वर्दी एवं अन्य दैनिक उपयोगी बरामद किया गया है।

पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा बताया गया कि नक्सल विरोधी सर्च अभियान में दिनांक 11/01/2025 को डीआरजी बीजापुर पार्टी थाना मद्देड क्षेत्रान्तर्गत नेशनल पार्क एरिया कमेटी के माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर बंदेपारा-कोरंजेड़ क्षेत्र में रवाना हुई थी।

अभियान के दौरान दिनांक 12.01.2025 के प्रात: लगभग 08:00 बजे ग्राम बंदेपारा-कोरंजेड़ के मध्य जंगल पहाड़ में सुरक्षा बलों एवं माओवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई, जो शाम 3-4 बजे तक रूक-रूक कर चलती रही । मुठभेड़ समाप्ति उपरांत सभी टीमों द्वारा सर्च करने पर वर्दीधारी 02 महिला एवं 03 पुरूष कुल 05 हार्डकोर माओवादियों का शव बरामद हुआ। मौके से एक नग एसएलआर, 03 मैग्जीन 52 राउण्ड,एक नग 12 बोर, 14 राउण्ड,एक नग बीजीएल लांचर 08 सेल,एक नग 315 रायफल, 15 राउण्ड एक नग .22 रायफ ल,एक नग भरमार बंदूक तथा भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य, दैनिक उपयोगी सामान बरामद हुआ है।

वहीं मुठभेड़ में मारे गये नक्सलियों की पहचान 01.रैनु हेमला(डीवीसीम,प्लाटून नम्बर 02 कमाण्डर) उम्र 30 वर्ष निवासी सावनार थाना गंगालूर जिला बीजापुर,ईनामी 08 लाख। 02.ज्योति ताती, मद्देड़ एरिया कमेटी, प्लाटून नम्बर 11 पीपीसीएम , निवासी तोडक़ा थाना गंगालूर जिला बीजापुर,ईनाम 05.00 लाख रूपये। रमेश एचाम (मिलिशिया प्लाटून कमाण्डर) नेशनल पार्क एरिया कमेटी, उम्र 28 वर्ष, निवासी बंदेपारा थाना मद्देड, जिला बीजापुर, ईनाम 01.00 लाख रूपये तथा रमेश मिच्चा (मिलिशिया प्लाटून सदस्य) नेशनल पार्क एरिया कमेटी पिता नीला उम्र 22 वर्ष निवासी बंदेपारा थाना मद्देड़ जिला बीजापुर उप महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज दंतेवाड़ की ओर से 20 हजार का ईनाम उद्घोषित के रूप में हुई है। वहीं एक अज्ञात वर्दीधारी महिला माओवादी शिनाख्ती होनी बाकी है।

पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुन्दरराज पी. द्वारा बताया गया कि वर्ष 2024 में नक्सल विरोधी अभियान में प्राप्त बढ़त को आगे बरकरार रखते हुये वर्ष 2025 में भी बस्तर संभाग अंतर्गत सुरक्षा बलों द्वारा प्रभावी रूप से प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के विरूद्ध नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जाने के परिणाम स्वरूप विगत दिनों में कुल 13 हार्डकोर माओवादियों के शव बरामद किये गये, माओवादियों के तमाम साजिश एवं कायराना हरकतों के बावजूद भी सुरक्षा बल सदस्यों द्वारा मजबूत मनोबल एवं स्पष्ट लक्ष्य के साथ बस्तर क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास हेतु समर्पित होकर कार्य किया जा रहा है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

रायपुर | आरएनएस

चंदनडीह अपोलो टायर के पास ट्रक ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक विकाश यादव 21 वर्ष पंचदेवरी कुम्हारी का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी चंदनडीह अपोलो टायर के पास ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी 33 एफ 1365 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे विकाश की मौत हो गई। मामले में आमानाका पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बाइक से खतरनांक स्टंट करना युवक को पड़ा भारी, राजनांदगांव पुलिस ने पकड़ा

❒ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तब तत्काल सायबर सेल एवं बसंतुपर व यातायात पुलिस द्वारा आरोपी को पकड़ा

राजनांदगांव | आरएनएस

दिनांक 11.01.2025 एवं 12.01.2025 को आरोपी करन नागपुरिया पिता ओमप्रकाश नागपुरिया उम्र 21 साल निवासी दीनदयाल कॉलोनी चिखली गली नं. 02 राजनांदगांव द्वारा महाराणा प्रताप चौक से आर.के.नगर चौक तक खतरनाक तरीके से बाइक में स्टंट कर विडियों बनाकर वाट्सअप स्टेटस लगाकर सोशल मीडिया मे वायर किया गया था। जिस पर सायबर सेल एवं बसंतपुर व यातायात पुलिस द्वारा पतासाजी कर दिनांक 12.01.2025 को डीयूके वाहन क्रमांक छ्त्र-07-क्चड्ख-8717 बाईक सहित आरोपी को पकड़ कर थाना बंसतपुर लाकर फटकार लगाकर उनके विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184, बिना हेलमेट धारा 194 (घ), तेज गति से वाहन चलाने धारा 183(1)(क), बिना नंबर धारा 50(2), मौके पर कागजात पेश नही करना 130(3)/177 के तहत कार्यवाही कर 4100/-रूपये जुर्माना वसूला गया। यातायात पुलिस की आम जनता से अपील है कि यातायात नियमो का पालन करें, ओव्हर स्पीड न चलाये, स्टंटबाजी न करें। नियंत्रित गति में वाहन चलाये एवं सुरक्षित रहें।

गौमांश बिक्री मामले में एक और गिरफ्तार

रायपुर | आरएनएस

राजधानी के आजाद चौक थाना क्षेत्र के मोमीन पारा में पिछले दिनों गौ-हत्या कर गौमांश बिक्री करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस पहले इस मामले में पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार किया था। मामले मे आरोपियों के खिलाफ धारा 299, 325 बी.एन.एस. तथा छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 5, 6, 10 के तहत कार्यवाही की है।

बता दें कि कुछ दिनों पहले राजधानी रायपुर के मोमीन पारा के एक घर में गौ-हत्या कर गौमांश बिक्री करने का मामला सामने आया था। सूचना पर मौके पर आजाद चौक पुलिस ने छापामार कर वहां से बड़ी मात्रा में गौ-मांश बरामद किया था। तथा मौके से 6 लोगों को गिरफ्तार किया था। वहीं एक तीन दिन पूर्व ही मामले में दो महिलाओं को भी गिरफ्तार किया गया था। अब इस मामले में सोमवार को पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आर.डी.ए. कालोनी थाना टिकरापारा रायपुर निवासी शाहिद खान पिता स्व. मेहमूद खान उम्र 42 साल को गिरफ्तार किया है। इस तरह इस मामले में अब तक कुल 9 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

इसके पूर्व पुलिस ने समीर मण्डल पिता साईफल मण्डल उम्र 36 साल निवासी नंदग्राम मधबापुर ग्राम जे एल नंबर 152 थाना कोतुलपुर जिला बांकुरा कलकत्ता पश्चिम बंगाल। हाल पता - दरगाह वाली गली मौदहापारा रायपुर, खुर्शीद अली पिता गुलाम अली उम्र 80 साल निवासी मोमिनपारा दुलदुल गली के पास थाना आजाद चौक रायपुर,मोह. मुन्तजीर हैदर उर्फ हैदर पिता खुर्शीद अली उम्र 30 साल निवासी डॉ. भागवत क्लिनिक के सामने मोमिन पारा थाना आजाद चौक रायपुर,अशफाक अली पिता खुर्शीद अली उम्र 47 साल निवासी मोमिनपारा जे के किराया भण्डार के सामने थाना आजाद चौक रायपुर,अरमान हैदर पिता खुर्शीद अली उम्र 28 साल निवासी मोमिनपारा दुलदुल गली हाण्डीपारा थाना आजाद चौक रायपुर, मोहम्मद ईरशाद कुरैशी पिता मोहम्मद रज्जाक कुरैशी उम्र 28 साल निवासी बिलाल नगर बोरियाखुर्द थाना टिकरापारा रायपुर बिलकिस बानो पति खुर्शीद अली उम्र 70 साल निवासी मोमिनपारा थाना आजाद चौक रायपुर,एरम जेहरा पिता असगर अली उम्र 30 साल निवासी मोमिनपारा थाना आजाद चौक रायपुर को गिरफ्तार किया था।

पांच खरीदी केंद्रों में बड़ी गड़बड़ी, 52 लाख से ज्यादा की धान में हेरफेर, कलेक्टर ने लिया एक्शन

बिलासपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में धान खरीदी केंद्र में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। बिलासपुर जिले में धान खरीदी केन्द्रों के जांच के दौरान 5 केन्द्रों में 52.84 लाख रुपये मूल्य का 1704 क्विंटल धान अधिक पाए जाने का मामला सामने आया है। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर गठित राजस्व, खाद्य और सहकारिता विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए धान को जब्त कर लिया है और समिति के जिम्मेदार पदाधिकारियों के खिलाफ प्रकरण बनाया गया है।

पांच खरीदी केंद्रों में मिली गड़बड़ी

जिला खाद्य अधिकारी अनुराग भदौरिया ने बताया कि धान खरीदी के अंतिम दिन तक सत्यापन की यह प्रक्रिया जारी रहेगी। पिछले दो दिनों में एक दर्जन से अधिक केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जिनमें पांच केन्द्रों में अनियमितताएं पाई गईं। बोदरी उपार्जन केन्द्र में 240 क्विंटल, गनियारी में 681 कट्टी, सोन (पचपेड़ी) में 500 कट्टी, कौडिया (सीपत) में 230 क्विंटल और बोडसरा (बोदरी) में 762.6 क्विंटल धान अधिक पाया गया।

अनियमितता के खिलाफ सख्त कार्रवाई

इन सभी मामलों में धान को जब्त कर समिति के पदाधिकारियों के खिलाफ प्रकरण तैयार किया गया है। जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने सभी केन्द्रों में उपलब्ध धान बोरों की गणना, रैंडम वजन और ऑनलाइन दर्ज आंकड़ों से मिलान किया। सत्यापन में गड़बड़ी पाए जाने पर तुरंत कार्रवाई की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा है कि धान खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

समर्थन मूल्य में हो रही है धान खरीदी

छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर 14 नवंबर 2024 से धान खरीदी हो रही है। धान खरीदी को लेकर सरकार और प्रशासन ने सख्त निर्देश दिए हैं। धान खरीदी 31 जनवरी तक होनी है। इस बार 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, धान के अवैध परिवहन के खिलाफ प्रशासन की टम लगातार कार्रवाई कर रही है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

नगरीय निकाय चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग का बड़ा फैसला, जानिए कब से लग सकती है आचार संहिता

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में आज यहां राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय नवा रायपुर, अटल नगर में कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारियों की अहम बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस बैठक में नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में रिटर्निंग ऑफिसर (आर ओ) और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (ए आर ओ) की नियुक्ति को लेकर निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह द्वारा निर्देशित किया गया कि नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के लिए अलग-अलग नियुक्ति की जाय। इसके साथ ही, निर्वाचन प्रक्रिया के लिए निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन निर्धारित तिथि 15 जनवरी को सुनिश्चित करने कहा गया। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारी समय सीमा में करने निर्देशित किया गया।

बैठक में चुनावों में इस्तेमाल की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) पर भी विस्तार से चर्चा हुई। निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन ई व्ही एम से कराए जाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा की एफ एल सी हेतु एक प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति की जाए तथा इस कार्य हेतु आवश्यक कर्मचारी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि एफ एल सी कार्यक्रम की सूचना लिखित में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाए तथा यह सुनिश्चित करें कि एफ एल सी की प्रक्रिया प्रतिदिन समय पर प्रारंभ हो एवं निर्धारित तिथि तक पूर्ण कर ली जाए। बैठक में सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, राज्य निर्वाचन आयोग की उप सचिव डॉ. नेहा कपूर, डॉ. अनुप्रिया मिश्रा एवं आलोक कुमार श्रीवास्तव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी और एसडीएम सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।

आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बताया कि वर्ष 2014 के नगरीय निकाय आम निर्वाचन, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा ईव्हीएम के माध्यम से संपन्न कराया गया था। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपयोग किए जाने वाले ईव्हीएम मल्टी वोट मल्टी पोस्ट प्रकार की है। उन्होंने कहा कि नवगठित जिलों को उनके पेरेंट जिलों से ईव्हीएम आवश्यकता अनुसार प्रदाय किया जाएगा।

राज्य निर्वाचन आयुक्त ने अधिकारियों को आगामी चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बैठक के माध्यम से नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी जिला के निर्वाचन अधिकारियों ने बैठक में अपने-अपने जिलों की तैयारियों की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया और कहा कि आयोग के निर्देशानुसार सभी तैयारियां समय पूर्व सुनिश्चित कर ली जाएगी।